हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
4 अगस्त 2025, बरेली

PAGE NO.7: TOP

# वुमेंस में आरती और मेंस में दिव्यांश बने चैंपियन



यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट के विजयी खिलाड़ी।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। पिछले वर्ष 2024 की वुमेंस चैंपियन गाजियाबाद की अंकिता गुप्ता को हराकर गाजियाबाद की ही आरती चौधरी ने इस वर्ष 12वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबिल टेनिस टूर्नामेंट में वुमेंस कैटेगरी में खिताब जीता। वुमेंस कैटेगरी के साथ ही अंकिता गुप्ता यूथ गर्ल्स (अंडर-19) कैटेगरी में भी रनर अप रहीं। इसमें अंकिता को हराकर गाजियाबाद की दिशा ने खिताब हासिल किया।

मेंस कैटेगरी में पिछले वर्ष 2024 की ही कहानी दोहरायी गई। पिछले वर्ष के मेंस चैंपियन लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को इस वर्ष फिर पराजित किया। वर्ष 2023 में इसी टूर्नामेंट में दिव्यांश को हराकर सार्थ मिश्रा चैंपियन बने थे। यूपीटीटीए के प्रेसिडेंट संजीव पाठक, पूर्व जनरल सेक्रेटरी अरुण बनर्जी, टूर्नामेंट डायरेक्टर मनोज लाहिरी, रैफरी कंट्रोलर अंतरराष्ट्रीय रेफरी अभिषेक सिंह, डिप्टी रैफरी मीकि सेन, डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के सेक्रेटरी जीतेंद्र रस्तोगी, श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, टूर्नामेंट के कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहन मोहती ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफियां और सर्टिफिकेट और नकद पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर जूनियर नेशनल टीम के कोच पराग अग्रवाल मौजूद रहे।

## फाइनल का परिणाम

मेंस फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को हराया। वुमेंस के फाइनल गाजियाबाद की आरती चौधरी ने वहीं की अंकिता गुप्ता को हराया। बॉयज (अंडर 19) में आगरा के मौलिक रस्तोगी ने कानपुर के अंकित गुप्ता को मात दी। गर्ल्स (अंडर 19) में गाजियाबाद की दिशा ने वहीं अंकिता गुप्ता को हराया। बॉयज (अंडर 17) में प्रयागराज के आर्यन कुमार ने गाजियाबाद के अर्णव पंवार को शिकस्त दी। गर्ल्स (अंडर 17) में गाजियाबाद की याशिका तिवारी ने वाराणसी की अनोखी केसरी को पराजित किया। बॉयज (अंडर 15) में कानपुर के आशुतोष गुप्ता लखनऊ के लक्ष्य कुमार को हराकर विजयी हुए। गर्ल्स (अंडर 15) में वाराणसी की अनोखी केसरी ने कानपुर की अंशिका मिश्रा को हराया। बॉयज (अंडर 13) में लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने वहीं के शौर्य गोयल को मात दी। कैडेट गर्ल्स (अंडर 13) में प्रयागराज की अंशिका गुप्ता ने आगरा की अंकिता मिश्रा को हराया। होप्स बॉयज (अंडर 11) में आशीर्वाद बैजा (गौतम बुद्ध नगर) ने दुर्वांश (कानपुर) को हराया। होप्स गर्ल्स (अंडर 11) में अंशिका गुप्ता (प्रयागराज) ने इनाया फातिमा (आगरा) को हराया।